दूरभाषः 9860726663

E-mail: ddhts-exam-dol@nic.in

संख्या-30/3/2022-उ.नि.(परीक्षा)/ 978

भारत सरकार

गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग

उप निदेशक (परीक्षा) का कार्यालय

हिंदी शिक्षण योजना

पूर्वी खंड-7, तल-6, रामकृष्णपुरम,

नई दिल्ली-110066

दिनांकः 22 SEP 2022

सेवा में,

संयुक्त निदेशक/सभी उप निदेशक/उप निदेशक(टंकण/आशु.)/सर्वकार्यभारी अधिकारी,
हिंदी शिक्षण योजना/पत्राचार पाठ्यक्रम स्कंध, कैंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान

**विषयः-हिंदी शब्द संसाधन / हिंदी टंकण परीक्षा जनवरी, 2023 की समय-सारणी तथा प्रणाली में प्रशिक्षार्थियों का विवरण अपलोड करने के संबंध में ।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि सत्र अगस्त-जनवरी, 2023 में आयोजित होने वाली हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण परीक्षाएँ परीक्षा स्कंध द्वारा प्रति वर्ष जनवरी माह के दूसरे/तीसरे सप्ताह में आयोजित की जाती हैं । इन परीक्षाओं के आयोजन के लिए अखिल भारतीय स्तर पर परीक्षा केंद्र स्थापित किए जाते हैं। प्रत्येक सत्र में इन परीक्षाओं में भाग लेने वाले परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम परीक्षा समाप्त होने के बाद अगले माह के अंतिम कार्य दिवस पर घोषित किया जाता है ।

जनवरी, 2023 में आयोजित की जाने वाली हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण की परीक्षाओं के संबंध में सूचित करना है कि प्रणाली के अंतर्गत सभी **क्षेत्रीय उप निदेशक** परीक्षा संबंधी कार्य निम्नवत् करवाना सुनिश्चित् करें :-

1. हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण के नियमित/पत्राचार/प्राइवेट प्रशिक्षार्थियों का विवरण क्षेत्रीय उप निदेशक/सहायक निदेशक/संकाय सदस्य द्वारा प्रणाली में दर्ज करने के पश्चात् क्षेत्रीय कार्यालयों के अधिकृत अधिकारियों द्वारा जाँच करके दिनांक **31.10.2022** तक परीक्षा स्कंध को अग्रेषित किया जाए। सभी क्षेत्रीय उप निदेशक/उ.नि.(टं./आशु.)/पत्राचार स्वयं इसकी मॉनीटरिंग करके **यह सुनिश्चित् करें** कि उनके अधीनस्थ प्रत्येक संकाय सदस्य/सहायक निदेशक (टं./आशु.) द्वारा **पूरा डाटा प्रणाली में सही-सही भरा गया है। ध्यातव्य हो कि किसी भी कार्मिक का मैनुअल परीक्षा फार्म परीक्षा स्कंध द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा ।**

2. हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण के 5 दिवसीय अल्पावधि प्रशिक्षण कार्यक्रम **(Validation Course)**के प्रशिक्षार्थियों का विवरण भी संकाय सदस्य/सहायक निदेशक द्वारा प्रणाली में अपलोड करके क्षेत्रीय उप निदेशक/उप निदेशक (टं./आशु.)/ पत्राचार द्वारा जाँच करके दिनांक **31.10.2022** तक परीक्षा स्कंध को अग्रेषित किया जाए।

3. **हिंदी शब्द संसाधन/हिंदी टंकण के नियमित/प्राइवेट/पत्राचार व अल्पावधि कोर्स से संबंधित सभी कार्रवाई पूरी करने के बाद उक्त सभी की सूचना उप निदेशक(परीक्षा) को ईमेल द्वारा भेजना भी सुनिश्चित् करें।**

.....2/..

4. नियमानुसार परीक्षार्थी को परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए प्रत्येक प्रश्न पत्र में न्यूनतम 25-25 अंक प्राप्त करना अनिवार्य है। **प्रश्न-पत्र द्वितीय (गति परीक्षा) में उत्तीर्ण होने के लिए न्यूनतम 30 शब्द प्रति मिनट(9000 KDPH) की गति अनिवार्य है।** किसी एक प्रश्न पत्र में 25 से कम प्राप्तांक वाले परीक्षार्थी को **पूरक घोषित किए जाने के परिणाम स्वरूप** उत्तीर्ण होने के लिए आगामी सत्र में आयोजित होने वाली परीक्षा में भाग लेना होगा। इसके लिए पूरक परीक्षा हेतु परीक्षार्थी आगामी परीक्षा में पिछली पंजीकरण संख्या के आधार पर ही सम्मिलित हो सकते हैं । उन्हें पूरक परीक्षार्थी के रूप में सम्मिलित होने के लिए प्रणाली में फिर से विवरण अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है ।

5. भारत सरकार के नियंत्रणाधीन उपक्रमों/निगमों/ राष्ट्रीयकृत बैंकों/निकायों आदि के वे परीक्षार्थी जिन्हें पूरक परीक्षा देनी है, उनको परीक्षा शुल्क के रूप में 10 रुपए का बैंक ड्राफ्ट **'उप निदेशक(परीक्षा),हिंदी शिक्षण योजना,नई दिल्ली'** के पक्ष में भेजना होगा, जिसका विवरण प्रणाली में अपलोड होने के पश्चात् ही उनका परीक्षा प्रवेश पत्र जारी किया जाएगा।

6. **जुलाई, 2022 की परीक्षा में पूरक घोषित हुए जो परीक्षार्थी जनवरी, 2023 में आयोजित होने वाली पूरक परीक्षा में सम्मिलित नहीं हो पाएंगे, उन्हें बाद में प्राइवेट परीक्षार्थी के रूप में दोनों प्रश्न-पत्रों की परीक्षा देनी होगी, इसके लिए उन्हें प्राइवेट परीक्षार्थी के रूप में पुन: पंजीकरण कराना होगा ।**

7. <u>परीक्षा केंद्र/बैच परिवर्तन करवाने हेतु -</u>

परीक्षार्थी के परीक्षा **केंद्र परिवर्तन/बैच परिवर्तन** के संबंध में सारी कार्रवाई क्षेत्रीय उप निदेशक,उ.नि. (टंकण/आशुलिपि) /पत्राचार के माध्यम से की जाएगी, जिसकी सूचना उनके द्वारा उप निदेशक (परीक्षा) को ई मेल द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। **उक्त प्रक्रिया हेतु परीक्षार्थी को परीक्षा की निर्धारित तिथि से 15 दिन पूर्व नियमानुसार आवेदन करना होगा। आवेदन की समय-सीमा निकल जाने के बाद केंद्र परिवर्तन/बैच परिवर्तन हेतु दिए गए आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।**

8. **केंद्रीय सरकार के कार्मिकों के लिए कोई परीक्षा शुल्क देय नहीं है ।**

भारत सरकार के नियंत्रणाधीन उपक्रमों/निगमों, राष्ट्रीयकृत बैंकों/निकायों आदि के कार्मिकों के लिए प्रति परीक्षार्थी रु.100/- परीक्षा शुल्क देय है। संकाय सदस्यों/सहायक निदेशकों द्वारा प्रणाली में प्रीक्षार्थियों के परीक्षा शुल्क का विवरण भरने तथा उप निदेशक (परीक्षा) द्वारा स्वीकृति के पश्चात् ही परीक्षा प्रवेश पत्र जारी किए जा सकेंगे। **परीक्षा शुल्क के लिए बैंक ड्रॉफ्ट उप निदेशक (परीक्षा), हिंदी शिक्षण योजना, नई दिल्ली के नाम देय होगा।**

<u>परीक्षा शुल्क भारतीय स्टेट बैंक की website www.onlinesbi.comपर निम्नलिखित स्टैप्स अपनाते हुए ऑनलाइन भी जमा करवाया जा सकताहै ।</u>

**<u>ऑनलाइन परीक्षा शुल्क जमा करने की जानकारी निम्नानुसार है :-</u>**

1 सबसे पहले State bank of India की website.www.onlinesbi.com **में state bank collect** नामक उपशीर्षक पर जांए । State bank of India की website.www.onlinesbi.com पर मुख्य शीर्षक State bank of India पर क्लिक करने पर **state bank collect** नामक उपशीर्षक पर क्लिक करें एंव सभी शर्तो को स्वीकार करते हुए proceed करें 1

**2.State Bank Collect** पेज पर **State of Corporate/Institution** में **All India** Select करें तत्पश्चात् **Type of Corporate/Institution Govt. Department** Select करें एवं **GO** को **क्लिक** करें

**3.Department Name** में **HINDI TEACHING SCHEME, Deptt.OF OFFICIAL LANGUAGE MHA** को **SUBMIT** करें ।

4. **Select Payment Category** में **Hindi Teaching SchemeSelect**करें । **Select** करते ही एक फार्म खुल जाएगा ।
5. इस फार्म को भरने के पश्चात **Submit** करें। **Submit** करने के बाद अपने भरे हुए विवरणको **Confirm** कर **Payment** करें ।
6. Payment करने के बाद Receipt के प्रिंट की फोटोप्रति उप निदेशक (परीक्षा),हिंदी शिक्षण योजना, पूर्वी खंड-7, तल-6 रामकृष्णपुरम, नई दिल्ली-110066 को भेजें।

**<u>ऑनलाइन द्वारा किए गए भुगतान की राशि की पावती रसीद उप निदेशक(परीक्षा), हिंदी शिक्षण योजना, नई दिल्ली कार्यालय में भेजना अनिवार्य है।</u>**

9. परीक्षार्थियों को उनके प्रवेश-पत्रों के प्रिंट-आउट निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा उपलब्ध करवाए जा सकते हैं :-
   1. नियमित परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र संबंधित संकाय सदस्य/सहायक निदेशक(टं./आशु.) द्वारा
   2. प्राइवेट एवं पूरक परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र संबंधित क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक/उप निदेशक द्वारा
   3. पत्राचार परीक्षार्थियों के प्रवेश-पत्र उप निदेशक(टंकण पत्राचार स्कंध)/संबंधित संकाय सदस्य/स.नि.(टं./आशु.) द्वारा

10. **परीक्षा केंद्र पर परीक्षाओं के सुचारू रूप से संचालन के लिए केंद्र अधीक्षक की नियुक्ति की जाती है।** केंद्र अधीक्षक का नाम, पदनाम, ई-मेल आईडी, मोबाईल नं., कार्यालय का फोन नं.,कार्यालय का पूरा पता तथा परीक्षा केंद्र का पूरा पता आदि संपूर्ण विवरण प्रणाली में क्षेत्रीय उप निदेशकों/संकाय सदस्यों/सहायक निदेशकों द्वारा भरा जाएगा। **क्षेत्रीय उप निदेशक/संकाय सदस्य/सहायक निदेशक** यह भी सुनिश्चित करें कि **केंद्र अधीक्षक राजपत्रित अधिकारी ही हों तथा राजपत्रित होने के साथ-साथ उसी शहर में पदस्थ हो तथा** परीक्षा के दिनों में उनके स्थानांतरण/अवकाश पर जाने की संभावना न हो। बैंकों,उपक्रमों,निगमों,सार्वजनिक निकायों इत्यादि के अधिकारी भी परीक्षा केंद्र अधीक्षक बनाए जा सकते हैं जो कि राजपत्रित अधिकारी के समकक्ष हों ।

.....4/..

**क्षेत्रीय कार्यालयों का पता एवं ई मेल आई.डी. का विवरण निम्नलिखित है :-**

| | |
|---|---|
| (1) उपनिदेशक(टंकण/आशुलिपि)-मध्योत्तर<br>chti1044@nic.in<br>हिंदी शिक्षण योजना,<br>पूर्वी खंड-7, तल-6,<br>रामकृष्णपुरम, नई दिल्ली-110066 | दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तरप्रदेश, छतीसगढ़, उत्तराखण्ड तथा जम्मू कश्मीर, लेह, लद्दाख, चंडीगढ़ केंद्र शासित प्रदेश में स्थित कार्यालयों के लिए । |
| (2) उप निदेशक (दक्षिण)<br>हिंदी शिक्षण योजना,<br>ई-3, सी ब्लॉक, राजाजी भवन,<br>बेसन्ट नगर, चेन्नै-600090<br>ddhts-south-dol@nic.in | तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, केरल, तेलंगाना तथा पुदुच्चेरी केंद्र शासित प्रदेश में स्थित कार्यालयों के लिए । |
| (3) उप निदेशक (टंकण/आशु.)-पूर्व<br>हिंदी शिक्षण योजना,<br>18वां तल, निजाम पैलेस परिसर,<br>234/4, आचार्य जगदीश चंद्र बोस रोड,<br>कोलकाता-700020<br>chti1047@nic.in | पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, बिहार, झारखंड, अंडमान-निकोबार केंद्र शासित प्रदेश में स्थित कार्यालयों के लिए । |
| (4) उप निदेशक (पश्चिम)<br>हिंदी शिक्षण योजना,<br>केंद्रीय सदन, सी. विंग,<br>छठा माला, सी.बी.डी., बेलापुर,<br>नवीं मुंबई-400614<br>ddhts-west-dol@nic.in | महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, गोवा, दमण दीव, दादरा व नगर हवेली केंद्र शासित प्रदेश में स्थित कार्यालयों के लिए । |
| (5) उप निदेशक (टंकण/आशु.)-पूर्व<br>हिंदी शिक्षण योजना,<br>234/4, आचार्य जगदीश चंद्र बोस रोड,<br>कोलकाता-700020<br>chti1047@nic.in | असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मिजोरम, मेघालय, नागालैंड, सिक्किम तथा त्रिपुरा राज्यों में स्थित कार्यालयों के लिए । |
| (6). उपनिदेशक (टंकण पत्राचार स्कंध)<br>केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान,<br>राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय<br>2-ए, पृथ्वीराज रोड, नई दिल्ली - 110011<br>chti1041@nic.in | अखिल भारतीय स्तर पर (पत्राचार पाठ्यक्रम हेतु) |

11. केंद्र अधीक्षकों की नियुक्ति के लिए प्रणाली में केंद्र अधीक्षकों का संपूर्ण विवरण भरकर उप निदेशक(परीक्षा) को 31 अक्तूबर, 2022 तक अग्रेषित किया जाए ताकि परीक्षा स्कंध द्वारा केंद्र अधीक्षक का नियुक्ति पत्र, प्रश्न-पत्र एवं परीक्षा सामग्री इत्यादि यथासमय भिजवाई जा सके ।

....5/..

12. सभी उप निदेशक/सर्वकार्यभारी अधिकारी इन परीक्षाओं के संचालन हेतु परीक्षा भवन का किराया (यदि परीक्षा भवन किराए पर लेने की आवश्यकता हो तो) तथा फुटकर खर्च आदि के लिए **अग्रिम राशि की माँग हेतु प्रस्तावित केंद्र अधीक्षक का नाम, उनका बैंक खाता संख्या,IFSCCODE, Bank का नाम** आदि पूरा विवरण सहित पत्र दिनांक 01 दिसम्बर, 2022 तक इस कार्यालय को अवश्य भेज दें ।

13. परीक्षा से संबंधित बिलों का भुगतान केवल केंद्र अधीक्षक के बैंक खाते में ई पेमेंट द्वारा ही किया जाएगा । अत: बिल के साथ केंद्र अधीक्षक के बैंक खाते का विवरण बैंक / शाखा का नाम, खाता संख्या, आई एफ एस सी कोड (IFSC CODE) मोबाइल नंबर तथा ई मेल आई डी अनिवार्य रूप से संलग्न कर भेजें ताकि भारत सरकार द्वारा निर्धारित भुगतान प्रक्रिया का पालन हो सके । सुगमता को देखते हुए कैंसिल चैक की एक फोटो प्रति भी भेजी जाए ।

**जनवरी, 2023 में T 1 नियमित,P2 प्राइवेट, T2पत्राचार, T3अल्पावधि प्रशिक्षण के परीक्षार्थियों के लिए आयोजित होने वाली परीक्षा की समय-सारणी**

| परीक्षा की तारीख | दिन | बैच | समय |
|---|---|---|---|
| 16.01.2023 | सोमवार | I | प्रातः 10.00 से 12.00 बजे तक |
| 16.01.2023 | सोमवार | II | सायं 02.00 से 04.00 बजे तक |
| 17.01.2023 | मंगलवार | III | प्रातः 10.00 से 12.00 बजे तक |
| 17.01.2023 | मंगलवार | IV | सायं 02.00 से 04.00 बजे तक |
| 18.01.2023 | बुधवार | V | प्रातः 10.00 से 12.00 बजे तक |
| 18.01.2023 | बुधवार | VI | सायं 02.00 से 04.00 बजे तक |
| 19.01.2023 | बृहस्पतिवार | VII | प्रातः 10.00 से 12.00 बजे तक |
| 19.01.2023 | बृहस्पतिवार | VIII | सायं 02.00 से 04.00 बजे तक |
| 20.01.2023 | शुक्रवार | IX | प्रातः 10.00 से 12.00 बजे तक |
| 20.01.2023 | शुक्रवार | X | सायं 02.00 से 04.00 बजे तक |

टिप्पणी - पूरक परीक्षार्थियों की संख्या के आधार पर ही पूरक टंकण परीक्षा की तिथि/बैच इत्यादि निर्धारित किए जाएंगे ।

टिप्पणी -

1. सभी संकाय सदस्य प्रशिक्षार्थियों के पंजीकरण हेतु उनका विवरण प्रणाली में ठीक-ठीक भरने के बाद पंजीकरण संख्या को अलग से नोट कर लें ताकि यदि किसी कारणवश प्रणाली में कोई तकनीकी बाधा आती है तो परीक्षा निर्धारित समय सारणी के अनुसार आयोजित की जा सके ।
2. कोविड-19 महामारी की स्थिति में भारत सरकार द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए परीक्षाएँ आयोजित की जाएंगी ।

भवदीय

22.09.22

(जितेन्द्र कुमार सिंह)
उप निदेशक (परीक्षा)
chti1148

......6/..

**पृष्ठांकन संख्या - 30/3/2022-उ.नि.(परीक्षा)/ दिनांक की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचना व आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।**

1. निदेशक, केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, 7वां तल, पं.दीन दयाल अंत्योदय भवन, सी.जी.ओ.कॉम्प्लैक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली ।
2. निदेशक (प्रशिक्षण), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, एन डी सी सी-।।, बी विंग, चौथा तल, जयसिंह रोड, नई दिल्ली - 110001
3. निदेशक(कार्यान्वयन), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, एन डी सी सी-।।, बी विंग, चौथा तल, जयसिंह रोड, नई दिल्ली - 110001 को इस अनुरोध के साथ कि इसे सभी क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालयों के माध्यम से विभिन्न नराकास अध्यक्षों को परिचालित करवाने की कृपा करें ।
4. नोडल अधिकारी (वेबसाइट), केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान, नई दिल्ली को इस आशय के साथ कि वे इसे केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान/राजभाषा विभाग (chti.rajbhasha.gov.in) की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें ।

22.9.22

**(जितेन्द्र कुमार सिंह)**
**उप निदेशक(परीक्षा)**
**कोड –chti1148**